रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक 26.01.2023

प्रेस विज्ञप्ति

****

रेलटेल ने उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया 74वां गणतंत्र दिवस

रेलटेल के सीएमडी श्री संजय कुमार ने कहा, "हम कई तरह के मौलिक अधिकारों का लाभ उठाते हैं, इसके साथ-साथ हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने की तरफ भी ध्यान देना होगा।

****

रेल मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के 'मिनी रत्न' उद्यम रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अपने कार्यालयों में बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ 74वां गणतंत्र दिवस मनाया।

रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने कंपनी के गुरुग्राम, दिल्ली-एनसीआर स्थित कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में ससम्मानपूर्वक भारतीय तिरंगे का ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रेलटेल के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान कर्मचारियों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जो इस गणतंत्र दिवस समारोह की मुख्य विशेषताओं में शामिल थे।

74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रेलटेल के अधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री संजय कुमार ने कहा, 'मैं रेलटेल परिवार के प्रत्येक सदस्य को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आजादी के बाद के वर्षों में हमारे देश ने जो कुछ भी हासिल किया है, उसके लिए हम गर्व और कृतज्ञता की भावना महसूस करते हैं। देश के इतिहास में गणतंत्र दिवस का एक विशेष महत्व है। हमें इस महान दिवस की भावना को अपने रोजमर्रा के जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। हम कई तरह के मौलिक अधिकारों का लाभ उठाते हैं, इसके साथ-साथ हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने की तरफ भी ध्यान केंद्रित करना होगा। देश की डिजिटल परिवर्तन यात्रा में हमारी कंपनी सबसे आगे रही है। आईसीटी और दूरसंचार क्षेत्र में हमारी कंपनी ने एक विशेष स्थान हासिल करते हुए अलग छवि बनाई है। हमें अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के अपने प्रयासों को अनवरत जारी रखना होगा। मुझे विश्वास है कि हम सभी चुनौतियों को सफलतापूर्वक पार करेंगे और विकास एवं राष्ट्र निर्माण के पथ पर आगे बढ़ेंगे।

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक 'मिनी रत्न (श्रेणी -1)' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है और आईसीटी समाधान व सेवा प्रदाता है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्ग किलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ रेलटेल विभिन्न फ्रंट पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टावर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सेवा जैसी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भी भारतीय रेलवे के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। अब तक 6108 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ लाइव हो चुके हैं।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

sucharita@railtelindia.com